हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, रविवार 22 मार्च 2026

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 19.0 डिग्री

13 सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम और...

14 मां कर्मा त्याग, सेवा व समाज को जोड़ने वाली विभूति थीं







## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम।
सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

**अभियान :** सेवा सहकारी समिति सनौद में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान

# समर्थन मूल्य पर चना, मसूर और सरसों की खरीदी प्रारंभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखण्ड गुरूर के सेवा सहकारी समिति सनौद में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा के तहत रबी विपणन वर्ष 2026–27 में प्राइस सर्पोट स्कीन अंतर्गत समर्थन मूल्य पर चना, मसूर एवं सरसों की खरीदी प्रारंभ की गई। योजनांतर्गत खरीदी का शुभारंभ विभागीय अधिकारियों एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ–साथ कृषकों की उपस्थिति में किया गया। सेवा सहकारी समिति सनौद में शुभारंभ के दिन 8 कृषकों द्वारा कुल 140 क्विंटल चना का विक्रय किया गया। जिसमें गणेश राम साहू पलारी ने 07 क्विंटल, रेखराम साहू पलारी ने 27 क्विंटल, उग्रसेन सिन्हा भिरई ने 14.50 क्विंटल, टेकराम साहू पलारी ने 15.50 क्विंटल प्रीतम साहू पलारी ने 18 क्विंटल, कांती साहू पलारी ने 15 क्विंटल खम्हन साहू, पलारी 26 क्विंटल, टम्पेश्वर साहू बोहारा ने 17 क्विंटल विक्रय किया। उपस्थित कृषकों को उप संचालक कृषि बालोद के द्वारा अधिक से अधिक मात्र में सहकारी समितियों के माध्यम से चना, मसूर एवं सरसों फसल का पंजीयन एवं विक्रय करने हेतु प्रेरित किया गया।

### इन्होंने किया संबोधित

खरीदी शुभारंभ के अवसर पर पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू, जिला सहकारी केंद्रिय बैंक दुर्ग के पूर्व उपाध्यक्ष माखन लाल गुरूपंच, जिला पंचायत सभापति कृषि स्थायी समिति तेजराम साहू, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर सुनीता संजय साहू, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर दुर्गानंद साहू, सभापति कृषि स्थायी समिति जनपद पंचायत गुरूर नरेश साहू एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित कृषकों को संबोधित किया गया। किसानों को समर्थन मूल्य पर उपज बेचकर प्रेरित किया।

# गांव के अंदर सार्वजनिक जगह में नशापान पर लगेगा 51 सौ अर्थदंड

**बच्चों को नशे का सामान देने पर भी लगेगा अर्थदंड**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत के बघमरा में शुक्रवार को ग्राम विकास समिति की बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में गांव के बुजुर्ग, महिला, पुरुष व युवा वर्ग शामिल हुए। बैठक मे गांव मे हो रहे आसामाजिक कार्यों, नशापान को रोकने एक अच्छी पहल की शुरुआत की गई।

बैठक मे एकमत होकर सभी ने निर्णय लिया की गांव के अंदर सार्वजनिक जगहों पर किसी भी प्रकार का नशापान करते पाए जाने पर 51 सौ रुपए अर्थदंड लिया जाएगा। वही गांव के नन्हे बालकों को नशापान सामान जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटका आदि लेने एवं बेचते पाए जाने पर 551 रुपए का अर्थदंड लिया जाएगा। इसी प्रकार नन्हे बालकों को मोबाइल फोन चलाने व बाइक चलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। देखे पाए जाने पर बालक के माता पिता से अर्थदंड लिया जाएगा। बैठक में वार्ड पार्षद हरीश निषाद, तोरण सिन्हा, डोमेन्द्र निषाद, सखा निषाद सहित गांव के सभी महिला पुरुष व युवा उपस्थित थे। वही ग्राम विकास समिति द्वारा गांव मे महिलाओं को उच्च सम्मान प्रदान कर तत्काल निगरानी समिति की टीम गठित की गई है। महिलाएं लाठी डंडे व सीटी से लैस होकर रात 8 बजे से गांव मे गस्त करेंगी। नन्हे बालक व आसामाजिक तत्वों को बाहर बैठने व घूमने पर मना करेगी। इस दौरान किसी भी आसामाजिक तत्वों द्वारा महिलाओं से दुर्व्यवहार व वाद–विवाद किया जाता है तो तत्काल ग्राम विकास समिति कड़ा निर्णय लेकर उसे दंडित करेगी।


■ बघमरा में ग्राम विकास समिति की बैठक

# रेलवे कालोनी में सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

ग्राम पंचायत सिकोसा के रेलवे कॉलोनी में विधायक निधि से बनने वाले पांच लाख के सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन के दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य आसिफ गहलोत, समाज सेवी दोलत कौसरे, सरपंच प्रीतम ठाकुर, उपसरपंच संजय बारले, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष द्वारका बारले और प्रदीप निषाद, विधायक प्रतिनिधि कुलेश्वर तिवारी, पंचायत प्रतिनिधि पंच उमा चौरे, दीपमाला गोयल, रेणुका बारले, चंद्रिका चंद्राकर और रोजगार सहायक नुलाम पटेल और ग्रामीण उपस्थित थे।


पांच लाख की विधायक निधि से होगा निर्माण




# सभापति ट्रॉफी का फाइनल मुकाबला खेला जाएगा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुशरेल के रामलीला मैदान में आयोजित "सभापति ट्रॉफी" वार्ड स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा दिन है। जनपद सदस्य क्षेत्र कुथरेल, भानपुरी, जंजगिरी तीनों गांव मिला कर रोमांचक चल रहा हैं। दो दिनों तक चले रोमांचक मुकाबलों के बाद अब प्रतियोगिता अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच चुकी है, जहां आज 22 मार्च को फाइनल मैच खेला जाएगा। तीन दिनों से चल रही इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है, जिससे दर्शकों को शानदार और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। अब सभी की निगाहें आज होने वाले फाइनल मैच पर टिकी हैं, जिसमें विजेता टीम का फैसला होगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर फाइनल मुकाबले का आनंद लें और खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाएं। साथ ही, जो दर्शक मैदान तक ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ जनपद सदस्य क्षेत्र कुथरेल, भानपुरी, जंजगिरी को मिला कर चल रहा आयोजन


दो दिनों तक मैच का रहा रोमांचक






# बच्चों के स्कूली जीवन की नींव मजबूत करने कराएंगे भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राथमिक शाला में बच्चों के सुगम ट्रांजिशन हेतु जिले के प्राथमिक शालाओं में बाल मैत्री कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बाल मैत्री कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों के 04 से 06 वर्ष की आयु के बच्चों को प्राथमिक शाला के वातावरण से परिचित कराना और स्कूल के प्रति सहजता विकसित करना है।

इस पहल से बच्चों में मित्रता, आपसी सहयोग और समझ विकसित होगा, जिससे भविष्य में उनके स्कूली जीवन की नींव मजबूत होगी। बाल मैत्री कार्यक्रम अंतर्गत प्रति माह एक निर्धारित दिवस पर आंगनबाड़ी के बच्चों को नजदीकी प्राथमिक शाला का भ्रमण कराया जाएगा। इस दौरान बच्चों को न केवल ▶▶| शेष पेज 12 पर

■ आंगनबाड़ी केन्द्र से प्राथमिक शाला में बच्चों के सुगम ट्रांजिशन की तैयारी



**खबर संक्षेप**

### साहू संघ सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक बने डॉ. लीलाधर



**अंडा।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू ने संगठन पदाधिकारियों की सहमति से महंत डॉ. लीलाधर दास साहू को साहू संघ के सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति से साहू समाज के साथ-साथ सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों में हर्ष व्याप्त है।
महंत डॉ. लीलाधर ने 14 बार नई दिल्ली, गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, हरियाणा, ओडिशा और असम सहित देश के विभिन्न राज्यों में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दे चुके हैं, जिसके लिए उन्हें कई मंचों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। । सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के माध्यम से उन्होंने "पुरखा के सुरता" जैसे प्रदेश स्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन कर समाज के विभिन्न प्रमुख व्यक्तियों को सम्मानित किया। साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहित किया। महंत डॉ. साहू ने अपनी नियुक्ति के लिए प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू एवं साहू संघ के समस्त पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे उनके मार्गदर्शन में समाज को संगठित करने और सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।

### रणजीत बने भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य

**भिलाई।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा रणजीत सिंह ठाकुर राजा को भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ, छत्तीसगढ़ का प्रदेश कार्य समिति सदस्य नियुक्त किया गया है। वे पूर्व में भारतीय जनता युवा मोर्चा में प्रदेश स्तर पर विभिन्न पदों पर दायित्व निभा चुके हैं। उनके संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। ठाकुर ने इस दायित्व के लिए पार्टी के प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयास करेंगे तथा व्यापारी वर्ग की समस्याओं के समाधान के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उन्होंने विशेष रूप से सांसद विजय बघेल, प्रदेश मंत्री अमित साहू और प्रमोद सिंह के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके मार्गदर्शन को अपनी कार्यशैली की प्रेरणा बताया।

### गांजा के साथ अधेड़ को किया गिरफ्तार

**भिलाई।** गांजा के साथ अधेड़ को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रिसाली सेक्टर भिलाई स्थित ब्लॉक 298 एल के सामने अवैध रूप से गांजा बेचा जा रहा था। मुखबिर की सूचना पर रिसाली सेक्टर निवासी कविराज लीमा को पुलिस ने पकड़ा गया। आरोपी के पास से 3.554 किलोग्राम मादक पदार्थ मिला। जिसकी कीमत 1.75 लाख रुपए आंकी गई है।

# किसानों को आवंटित जमीन आदेश के बाद हाउसिंग बोर्ड को हस्तांतरित, भड़के किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

ग्राम धनोरा में बड़ी प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है। इस क्षेत्र में वर्ष 1975-76 में करीब 12 एकड़ जमीन 8 किसानों को कमाने-खाने के लिए दी गई थी। वर्तमान में इस जमीन को हाउसिंग बोर्ड को एक तरफा आदेश के बाद महौल गरमा गया है। इसे लेकर पिछले दो दिन से प्रशासन की टीम किसानों का कब्जा हटाने के लिए ग्राम धनोरा पहुंच रही है, जहां गतिरोध पैदा हो गया है। किसानों ने बताया कि उनके पूर्वजों में केशव राम साहू, बैसाखू साहू, बगस यादव, इतवारी, श्रीराम यादव, बालीराम यादव, राम प्यारे, मानसिंह को जमीन आवंटित की गई थी। वर्तमान में प्रकरण संभाग आयुक्त के पास लंबित है।

## वर्ष 1975-76 में कास्तगार जमीन का किया गया था आवंटन



### मामला संभागायुक्त के पास विचाराधीन

2025 में कलेक्टर ने एकतरफा आदेश जारी करते हुए हाउसिंग बोर्ड को जमीन हस्तांतरित कर दी। इसके बाद सूचना प्रकाशन, नामांतरण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई। सीमांकन तक करा लिया गया। 19 और 20 मार्च को बलात जगह पर अतिक्रमण बताकर किसानों को खदेड़ने की कोशिश की गई। जबकि मामला संभाग आयुक्त के पास विचाराधीन है।

इसमें 24 अप्रैल को सुनवाई भी होनी है, बावजूद प्रशासन एकतरफा कार्रवाई कर रहा है।

गांव के राजेंद्र साहू ने बताया कि 1975 से लगातार उनके पूर्वज उक्त जमीन में खेती-किसानी करते आ रहे हैं। 2022 में अचानक इस जमीन को हाउसिंग बोर्ड को दिए जाने का निर्णय लिया गया। उसी साल ग्राम सभा की बैठक में उक्त जमीन को हाउसिंग बोर्ड को नहीं दिए जाने का प्रस्ताव भी पारित किया गया। इसके बाद एक और ग्रामसभा की बैठक में तसीलदार, राजस्व अधिकारियों की मौजूदगी में ऐसे ही प्रस्ताव को पारित किया गया। बावजूद इसके जमीन को हाउसिंग बोर्ड को दे दिया गया। इसके बाद गांव के लोगों ने तहसील, एसडीएम से लेकर कलेक्टर कोर्ट में लड़ाई लड़ी।

## बोरिया गेट पर की नारेबाजी, निर्णय वापस नहीं लेने पर दी आंदोलन की चेतावनी

# एसईएसबीएफ को बंद करने के विरोध में सीटू का प्रदर्शन, कर्मियों के 24 सौ करोड़ जोखिम के हवाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

## 'कर्मियों के वेतन के फंड के बाद अब एसईएसबीएफ को भी एनपीएस में डालना है अवैध'

एसईएसबीएफ (सेल इंप्लाई सुपर एनुवेशन बेनिफिट फंड) के प्रबंध न्यासियों की 2 फरवरी 2026 को कोलकाता में हुई बैठक की कार्यवाही और उसके बाद प्रबंधन द्वारा जारी किये गए परिपत्र का विरोध करते हुए सीटू ने शुक्रवार को बोरिया गेट में प्रदर्शन किया। बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के माध्यम से सेल के निदेशक कार्मिक को दिये ज्ञापन में इस विषय पर तत्काल एनजेसीएस की बैठक बुलाकर कर्मचारियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। सेल के कार्मिकों के मासिक अंशदान को एनपीएस में डालने से उन्हें पेंशन का नुकसान होगा। कर्मियों के हितो की रक्षा नहीं की गई तो आंदोलन किया जाएगा। सीटू नेताओं ने कहा कि देश की केंद्रीय यूनियनों के व्यापक विरोध के बाद भी पहले 15 प्रतिशत अंशदान को एनपीएस में डलवाया और अब उनके खून पसीने की कमाई के एसईएसबीएफ पैसे को भी एनपीएस में डलवा देने से पेंशन का नुकसान होगा। सेल के कामगारों को सेवानिवृत्ति के बाद केवल सीपीएफ ग्रेच्युटी मिलता था, पेंशन का कोई भी प्रावधान नहीं था। पेंशन के उद्देश्य से 1994 में एनजेसीएस मंच की मांगों के फलस्वरुप सामाजिक सुरक्षा उपाय के रूप में एसईएसबीएफ ट्रस्ट 25 सितंबर 1994 को सेल कर्मचारियों के हितार्थ अस्तित्व में आया व एसईएसबीएफ ट्रस्ट गठन सेल तथा केंद्रीय ट्रेड यूनियनों, सेफी और संयंत्रों की मान्यता प्राप्त यूनियनों के प्रतिनिधियों के बीच हुआ था। कोष सदस्यों के मासिक वेतन से 2% अंशदान द्वारा तथा कुछ अवसरों पर कंपनी द्वारा पीएलबीएस के नाम पर योगदान से बनाया गया था। कोष का संचालन ट्रस्ट डीड एवं विधिवत निर्मित और लागू ट्रस्ट नियमों के प्रावधानों के अनुसार न्यासी मंडल द्वारा किया जाता रहा है। वर्ष 2025-26 के लिए ब्याज दर 8.0% घोषित की गई, पिछले वर्ष के समान है।

### तत्काल बुलाएं एनजेसीएस की बैठक

सीटू नेता ने कहा कि एसईएसबीएफ ट्रस्ट नियमों के अनुसार न्यासी स्वयं किसी प्रबंध समिति का गठन कर ट्रस्ट को बंद करने की प्रक्रिया तय करने के लिए अधिकृत नहीं हैं। इस प्रकार का कोई भी निर्णय या उसके बाद की कार्रवाई ट्रस्ट डीड के विरुद्ध तथा अवैध है, जिनका कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है। इसीलिए केवल एनजेसीएस ही ऐसे महत्वपूर्ण मामलों पर निर्णय लेने के लिए अधिकृत है।



**कर्मियों की सहमति के बिना फंड ट्रांसफर अवैधानिक:** प्रदर्शन के दौरान सीटू नेताओं ने कहा कि पिछले 15 दिनों से शेयर मार्केट लगातार गिर रहा है लोगों के 62 लाख करोड़ रुपए मार्केट में डूब चुके हैं, ऐसे में एसईएसबीएफ ट्रस्ट को बंद करके उसके पैसे को एनपीएस में डालने का मतलब है कि कर्मचारियों की मेहनत के जमा 2400 करोड़ रुपए को बाजार जोखिम के हवाले कर देना है। इस मामले मे प्रबंधन अब तक ना तो सर्वसम्मति बन पाया है ना ही उन कर्मचारियों से पूछना अथवा विकल्प देना चाहता है, जिनका पैसा एकत्रित होकर इस फंड में जमा हुआ है।

**कर्मियों के पैसे को बाजार में खपा रही सरकार:** सीटू नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार लगातार कर्मियों के पैसे को बाजार के हवाले कर रही है। सबसे पहले सीपीएफ के पैसे में से 5% से 15% तक मार्केट में डालने का निर्णय लेकर सभी एक्ज़म्प्टेड ट्रस्ट पर थोप दिया। सेल के कामगारों के लिए बना पेंशन ट्रस्ट को समाप्त करवा कर कर्मचारियों के 6% और अधिकारियों के 9% से जमा हो रहे फंड को एनपीएस में डलवा दिया । अब एसईएसबीएफ के पैसे को भी एनपीएस के हवाले कर देना चाहता है।

### अंशदान को एनपीएस में डालने से नुकसान

सीटू नेताओं ने कहा कि 15 जुलाई 2024 को आयोजित एसईएसबीएफ की बैठक में एसईएसबीएफ के मासिक अंशदान व कोष को एनपीएस में ट्रांसफर करने के प्रस्ताव का सीटू/एसडब्लूएफआई ने विरोध किया। बावजूजद यही प्रस्ताव 3 सितंबर 2025 को हुई ट्रस्ट बैठक में पुनः प्रस्तुत किया गया। यूनियन ने पुनः विरोध कर अध्यक्ष, एसईएसबीएफ को भी लिखित रूप में सूचित किया। बावजूद, प्रबंधन ने अड़ियल रुख अपनाते हुए और 2 फरवरी 2026 को आयोजित ट्रस्ट बैठक में एसईएसबीएफ को समाप्त करने का प्रस्ताव दोहराया। इस प्रस्ताव पर सहमति नहीं बन सकी और बाद में प्रबंधन द्वारा आपत्तिजनक रिकार्ड नोट व परिपत्र से एसईएसबीएफ को खत्म करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

### पंजाब बार सील करने पहुंची टीम तब जमा कराया टैक्स



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- लंबे समय तक नहीं जमा कराया 2.25 लाख टैक्स

न्यू बस स्टैंड स्थित पंजाब बार को सील करने के लिए शुक्रवार को निगम की टीम पहुंची। सीलबंदी की कार्रवाई से बचने के लिए उसने तत्काल पांच वर्षों का लंबित अनुज्ञा शुल्क, कुल 2 लाख 25 हजार रुपये जमा कराया। निगम के अधिकारियों ने बताया कि पंजाब बार ने पिछले पांच वर्षों से अनुज्ञा शुल्क जमा नहीं किया था। नगर निगम द्वारा इस संबंध में तीन बार नोटिस जारी किया, लेकिन संचालक की ओर से न तो कोई जवाब दिया गया और न ही शुल्क जमा करने की पहल की गई।

लगातार अनदेखी के चलते निगम प्रशासन को सख्त कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ा। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि नगर निगम की आय से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। सभी बकायादारों को समय पर अपने कर एवं अनुज्ञा शुल्क जमा करना अनिवार्य है, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान राजस्व निरीक्षक चंदन मनहरे, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर, पवन नायक, तिलक नवरंग, आशीष तिवारी, मुकेश पटेल सहित निगम का अमला उपस्थित था।

# निगम ने बुलडोजर चलाकर नकटा तालाब को कराया अतिक्रमण मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 2 अंतर्गत वार्ड 22 कुरूद में स्थित नकटा तालाब के ऊपर से निगम ने बुलडोजर चलाकर अतिक्रमण को पूरी तरहे से हटा दिया है। निगम ने यहां पहले भी कई बार अतिक्रमण

- कई सालों से तालाब की मेड़ में करके रखा था कब्जा

तोड़ने की कार्रवाई की, लेकिन बार बार लोग यहां फिर से जगह को घेरकर झोपड़ी बना ले रहे थे। इस बार निगम की टीम पहुंची और वहां अतिक्रमण को पूरी तरह से जमीदोज कर दिया। इस दौरान जामुल पुलिस भी मौके पर मौजूद रही।

आपको बता दें कि कुरूद ढांचा भवन के पास स्थित नकटा तालाब काफी बड़े आकार है। यहां लोग अतिक्रमण करके धीरे धीरे इसकी मेड़ में घर की बाउंड्रीवाल, दुकान और घर तक बना लिए हैं। हालत यह है कि यहां लोगों को छठ पूजा करने में भी परेशानी हो रही थी। अराजक तत्वों का जमावड़ा होने से शाम होते ही यह क्षेत्र नशे का अड्डा बन जाता था। हरिभूमि ने लोगों की मांग पर इस खबर को प्रमुखता से उठाया। इसके बाद आप पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने भी इसकी शिकायत कलेक्टर और मुख्यमंत्री तक से की। इसके बाद निगम आयुक्त राजीव पाण्डेय के निर्देश पर जोन आयुक्त येशा लहरे ने एआरओ प्रशन्न तिवारी के नेतृत्व में एक टीम को भेजा। लगभग 5-6 लोगों की टीम शुक्रवार शाम को जेसीबी लेकर पहुंची और पूरे अतिक्रमण को हटाया।



### तालाब के मेड़ से रोड को हटाने होगी कार्रवाई

आपको बता दें कि तालाब के ठीक नीचे कुछ भू माफियाओं ने अवैध प्लॉटिंग की और वहां आने जाने के लिए तालाब की मेड़ के ऊपर से रोड काटकर उसे ले-आउट में दर्शा दिया था। हालत यह हो गई थी कि कंस्ट्रक्शन का सामान रेत, गिट्टी सीमेंट आदि लेकर आने वाले ट्रकों के चलने से तालाब के ऊपर लगे पेवर ब्लाक उखड़ गए और पूरा मेड़ खराब हो गया था। इसके बाद निगम की टीम ने इस रास्ते को मिट्टी पाटकर बंद किया है। जोन आयुक्त येशा लहरे का कहना है कि उन्होंने निगम आयुक्त से फंड मांगा है। जल्द ही इस सड़क के सामने तार घेरा करके यहां छोटा सा गार्डन बना देंगे।

### धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 सशक्त संकल्प : नितेश

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ विधानसभा में पारित धर्म स्वतंत्रता विधेयक 2026 का भाजपा प्रवक्ता नितेश साहू ने स्वागत करते हुए कहा कि यह कानून केवल एक विधेयक नहीं, बल्कि प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक संतुलन की रक्षा का सशक्त संकल्प है। यह विधेयक स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है कि बल, प्रलोभन, दबाव, झूठी जानकारी या कपटपूर्ण तरीकों से धर्म परिवर्तन कराना पूर्णतः प्रतिबंधित होगा। साथ ही स्वैच्छिक धर्म परिवर्तन के लिए पारदर्शी प्रक्रिया, पूर्व सूचना एवं आपत्ति दर्ज कराने की व्यवस्था यह सुनिश्चित करती है कि किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पर पूर्ण रोक लगे। इस कानून में अवैध धर्मांतरण पर 7 से 10 वर्ष तक की सजा और न्यूनतम 5 लाख रुपये जुर्माना, जबकि महिलाओं, नाबालिगों एवं अनुसूचित जाति-जनजाति के मामलों में 10 से 20 वर्ष तक की सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में आजीवन कारावास तक की सजा और भारी जुर्माना इस कानून को और अधिक प्रभावी बनाता है।

# अपराध नियंत्रण करने दुर्ग में चलेगा अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

### पुलिस कंट्रोल में ली थाना प्रभारियों की बैठक



अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस ने व्यापक कार्ययोजना बनाई है। सेक्टर 6 स्थित पुलिस कंट्रोल रूम में एसएसपी विजय अग्रवाल ने सभी राजपत्रित अधिकारियों और थाना प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होने कहा कि लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अपराधों पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चत होगी। बैठक में अपराध नियंत्रण, जांच की गुणवत्ता और प्रशासनिक अनुशासन परचर्चा हुई। लंबित मामलों को जल्द निपटाने के लिए ठोस रणनीति बनाई गई। वर्ष 2024 से पहले के लंबित अपराध, चालान, मर्ग और शिकायतों को प्राथमिकता पर समाप्त करने के निर्देश दिए गए। थानों में अनावश्यक बोझ कम करने और रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने के लिए लावारिस और जब्त संपत्तियों का शीघ्र निराकरण करने पर जोर दिया। सभी गंभीर अपराधों में तुरंत अपराध दर्ज करने और विवेचना शुरू करने को कहा गया है। सूचना को नजरअंदाज न करने और वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर जानकारी देने पर जोर दिया है। बाहरी टीम भेजने की आवश्यकता होने पर बिना देरी कार्रवाई करे। जिले में बढ़ते नशे और अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा गया है। एनडीपीएस और आबकारी अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई करनी होगी। जुआ-सट्टा मामलों में विशेष टीम गठित कर स्थायी वारंटियों की गिरफ्तारी तय करे।

### तेलीगुंडरा में धूमधाम से मनाई कर्मा जयंती

**पाटन।** स्थानीय साहू समाज तेलीगुंडरा के तत्वाधान में संत माता कर्मा की 1010 वीं जयंती समारोह आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि अशोक साहू (पूर्व उपाध्यक्ष, जिला पंचायत दुर्ग) थे। अध्यक्षता दिनेश साहू (कार्यकारी अध्यक्ष, तह.साहू संघ पाटन) ने की। विशेष अतिथि कीर्ति नायक अध्यक्ष जप पाटन, दिनेश कुमार साहू (पूर्व अध्यक्ष, तह.साहू संघ पाटन), दिलीप साहू (कोषाध्यक्ष,जिला साहू संघ दुर्ग), चंद्रिका साहू सदस्य प्रदेश साहू संघ, सरपंच तरीघाट,गरीब दास साहू (कोषाध्यक्ष,परि.साहू संघ), कामता साहू (उपाध्यक्ष,परि.साहू संघ), श्यामलाल साहू (सचिव,परि.साहू संघ) ने श्री कृष्ण एवं संत माता कर्मा की पूजा अर्चना कर समाज एवं ग्रामवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली, शांति की मंगलकामना की।

# प्राथमिक शाला टटेंगा के केवल, युगल हरीश व दिव्या नवोदय के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



शासकीय स्कूल के चार विद्यार्थियों के चयन से हर्ष

शासकीय प्राथमिक शाला टटेंगा के चार विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय के लिए हुआ है। केवल कुमार साहू पिता गमेश साहू, युगल सुधाकर पिता हीरामन लाल, हरीश कुमार पिता पोमन सिंह, दिव्या सुधाकर पिता कुंजलाल सुधाकर का चयन जवाहर नवोदय विद्यालय दुधली के लिए होने पर पूरे विद्यालय परिवार एव एसएमसी पदाधिकारियो, सदस्यों व ग्रामीणों मे हर्ष का वातावरण है। बच्चों ने इस सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, शिक्षक, शिक्षिका को दिया है। चयनित विद्यार्थियों को प्रधान पाठक माध्यमिक शाला हेमलाल साहू, प्रधान पाठक प्राथमिक शाला लिखन सर्पा, शिक्षिका खोमिन साहू, लिकेश्वरी भंडारी, संजय साहू, डीके मोहन माला, चंद्रभान देवांगन, लीलेंद्र देवांगन, प्रकाश जोशी, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, अध्यक्ष शाला विकास समिति चंद्रशेखर उर्वशा, ग्राम प्रमुख गेंदलाल देवांगन, सरपंच दीप्ति साहू, पेमिन साहू व एसएमसी सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया है।

### द्रोण का नवोदय विद्यालय में हुआ चयन



**बालोद/सिकोसा।** ग्राम चौरेल निवासी भूतपूर्व सरपंच मनिषा लक्ष्मण ठाकुर के पुत्र द्रोण कुमार भुआर्य का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ। शासकीय आदिवासी बालक आश्रम शाला अमलीडीह के छात्र द्रोण कुमार भुआर्य कक्षा छठवीं में नवोदय विद्यालय में हुआ है। छात्र के चयन पर शिक्षिका पूजा गंधर्व, सावित्री देवी निर्मल, माया साहू, विष्णु साहू, आरआर ठाकुर, आरके पिस्दा एवं अधीक्षक केपी वर्मा, एवं समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

पेज 11 के शेष...

### सभापति ट्रॉफी का...

नहीं पहुंच सकते, वे लाइव प्रसारण के माध्यम से भी इस मैच का आनंद ले सकते हैं। तीसरे दिन के इस खास मौके पर मुख्य संयोजक एवं सभापति लोमश चन्द्राकर की उपस्थिति में आयोजन और भी गरिमामय बना। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में जंजगिरी सरपंच गीता कमलेश ठाकुर, नरेंद्र मानिकपुरी, विनय चांडक, दिनानाथ चन्द्राकर, अजय चतुर्वेदी, रवि देशमुख, बब्लू साहू, नेवेंद्र यादव, उमेश साहू एवं जय निर्मलकर शामिल हुए। मंच संचालन खिलेन्द्र यादव द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में ग्रामीण जन भी उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर रहे हैं।

### बच्चों के स्कूली...

शाला परिसर से परिचित कराया जाएगा, बल्कि उन्हें कक्षा पहली के शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ मिलने–जुलने का अवसर भी मिलेगा। वातावरण को आनंदमयी बनाने के लिए बालगीत, कहानी सुनाने, सामूहिक खेल और रचनात्मक गतिविधियों जैसे आयोजन किए जाएंगे। इससे बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे स्कूल को एक सुरक्षित व सुखद स्थान के रूप में देख पाएंगे।



### गौठान में गौमाता पर अत्याचार का आरोप

**भिलाई।** भिलाई के कोसानगर गौठान में गौमाताओं के साथ कथित तौर पर क्रूरता किए जाने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ आर्मी पब्लिक वेलफेयर फाउंडेशन, राधे गौसेवा समिति और विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में बताया गया है कि कोसानगर गौठान, जो भिलाई स्टेशन के पास स्थित है, वहां हर सप्ताह किसी न किसी गौमाता या बछड़े के साथ क्रूरता की घटनाएं सामने आ रही हैं। आरोप है कि पशुओं के कान काटने, पूंछ काटने और शरीर को नुकसान पहुंचाने जैसे अमानवीय कृत्य किए जा रहे हैं। संगठनों ने कहा कि यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो वे उग्र प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। ज्ञापन सौंपने वालों में आर्मी फेडरेशन के अध्यक्ष पूर्व सैनिक हरप्रित सिंह, राधे गौसेवा समिति के जिला अध्यक्ष राम राघव यादव, जिला उपाध्यक्ष वंश बोहरे तथा विहिप बजरंग दल से दुर्ग जिला गौ रक्षक प्रमुख रवि साहू, यमन ठाकुर सहित बड़ी संख्या में गौसेव शामिल थे।

# पूर्णाहुति में उमड़ी श्रद्धा, संत श्री माताजी ने बताया हवन का महत्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिले के निकुम स्थित तीर्थराज देवी निकुंभला मंदिर, जय शक्ति आश्रम में चैत नवरात्रि के अवसर पर चल रहे दुर्गा महायज्ञ में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। आयोजन के दूसरे दिन शुक्रवार को हवन की पूर्णाहुति में शामिल होने दूर-दूर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। इस दौरान संस्थापक संत श्री माता जी के सान्निध्य में विधि-विधान से हवन और पूजन संपन्न कराया गया। श्रद्धालुओं ने पूरे श्रद्धाभाव के साथ यज्ञ में आहुति देकर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।



मंदिर परिसर में पूरे दिन भक्ति और श्रद्धा का वातावरण बना रहा। वैदिक मंत्रोच्चार और जय माता दी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा, जिससे माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया।

आयोजन समिति के अनुसार, महायज्ञ के दौरान प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक नित्य आहुतियां दी जा रही हैं। इस धार्मिक आयोजन में लगातार श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस अवसर पर संत श्री माता जी ने हवन पूजन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हवन से केवल भगवान ही प्रसन्न नहीं होते, बल्कि इससे लोगों के कष्टों का भी निवारण होता है। उन्होंने बताया कि हवन से निकलने वाला धुआ सामान्य नहीं होता, बल्कि वह वातावरण को शुद्ध करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। महायज्ञ के साथ ही एक बड़े धार्मिक विकास का संकल्प भी जुड़ा हुआ है। संत श्री माता जी ने बताया कि आने वाले समय में यहां 4 एकड़ में मंदिर, 7 एकड़ में परकोटा और करीब 25 एकड़ में विशाल धार्मिक परिसर विकसित किया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### महावीर गौशाला में खिचड़ी प्रसादी, बैठक होगी 24 को

**डौंडीलोहारा।** नगर स्थित महावीर गौशाला में 24 मार्च को गौ भक्तों द्वारा 100 से अधिक गायों के लिए खिचड़ी प्रसादी का सामूहिक भोज आयोजित किया जाएगा। आयोजन में बड़ी संख्या में नगर के गौ सेवक एवं श्रद्धालु शामिल होंगे। आयोजन के दौरान उपस्थित समस्त गौ भक्तों की एक महत्वपूर्ण बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें आगामी 27 अप्रैल को प्रस्तावित कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में इस बात पर विशेष चर्चा होगी कि तहसील मुख्यालय में होने वाले कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में गौ भक्तों की सहभागिता कैसे सुनिश्चित की जाए। विदित हो कि 27 अप्रैल को देशभर के तहसील मुख्यालयों में गौ माता के संरक्षण हेतु केंद्रीय कानून बनाए जाने की मांग को लेकर सरकार को प्रार्थना पत्र सौंपा जाएगा। इस उद्देश्य को सफल बनाने के लिए डौंडीलोहारा में भी व्यापक तैयारी की जा रही है, ताकि हजारों की संख्या में गौ भक्त उपस्थित होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें ।

### कन्या विवाह प्रोत्साहन योजना : श्रमिकों को मिलेगी 50 हजार की सहायता



**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल द्वारा पंजीकृत निर्माण श्रमिकों को उनकी पुत्रियों के विवाह हेतु 50 हजार रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। यह राशि अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह तक दी जाती है। योजना के तहत कम से कम एक वर्ष से पंजीकृत श्रमिक पात्र होते हैं। पंजीकृत महिला श्रमिकों को स्वयं के विवाह के लिए भी यह सहायता मिलती है। आवेदन विवाह के एक माह पूर्व या 15 दिन के भीतर किया जा सकता है। इसके लिए पंजीयन कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड एवं बैंक पासबुक आवश्यक दस्तावेज हैं। शासन ने पात्र श्रमिकों से योजना का लाभ लेने की अपील की है।

### भक्त माता कर्मा जयंती समारोह कल सेलूद में

**सेलूद।** स्थानीय साहू समाज सेलूद के तत्वावधान में भक्त माता कर्मा की 1010 वीं जयंती का आयोजन 22 मार्च रविवार को किया गया है। जिसमें पूजा अर्चना सुबह 10 बजे से सामुदायिक कर्मा भवन सेलूद में होगी। अतिथि आगमन एवं उदबोधन शाम 4 बजे से होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालेश्वर साहू अध्यक्ष तह. साहू संघ पाटन और अश्वनी साहू महामंत्री जिला साहू संघ दुर्ग होंगे। अध्यक्षता किशन हिरवानी अध्यक्ष परि. साहू संघ अरसनारा करेंगे। विशिष्ट अतिथि चंद्रिका कलिहारी जनपद सद. पाटन, खेमिन साहू पूर्व सरपंच ग्राम पंचा. सेलूद, टामन साहू ,प्राधि. अधि. सेवा सह. समिति सेलूद,अति. विशिष्ट अतिथि- विमला साहू , खिलेश मारकंडे सरपंच सेलूद और राकेश साहू उप सरपंच सेलूद विशेष सहयोग जयंत साहू अध्यक्ष जय प्रकाश साहू, उपाध्यक्ष पिताम्बरी साहू, उपाध्यक्ष महिला रूपेश साहू सचिव एवं समस्त साहू समाज ग्राम सेलूद, परिक्षेत्र-अरसनारा (पाटन) का रहेगा।

# सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम और निस्वार्थ भाव की थी : पं. भूपेंद्र

## खप्परवाड़ा में संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा, कथावाचक ने विभिन्न प्रसंगों का किया वर्णन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा


ग्राम खप्परवाड़ा में आयोजित संगीतमयी श्रीमद् भागवत कथा के दौरान शनिवार को सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ौतरी का पावन प्रसंग श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हुआ। कथा स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर भगवान की महिमा का श्रवण करते रहे। कथावाचक पं. भूपेंद्र पांडे जी ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता सच्चे प्रेम और निस्वार्थ भाव का अद्भुत उदाहरण है। निर्धन होने के बावजूद सुदामा ने कभी भी भगवान से कुछ नहीं मांगा, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी भक्ति से प्रसन्न होकर उनके सारे कष्ट दूर कर दिए। इस प्रसंग से सच्ची मित्रता और भक्ति का संदेश मिलता है। इसके पश्चात परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाते हुए उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित ने श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण कर मोक्ष प्राप्त किया। इस प्रसंग से यह शिक्षा मिलती है कि भगवान की कथा सुनने से मनुष्य को जीवन के अंत में भी मुक्ति का मार्ग मिल सकता है। कथा के अंत में श्रद्धालुओं द्वारा चढ़ौतरी की गई, जिसमें भक्तों ने अपनी श्रद्धा अनुसार अर्पण कर भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन के दौरान भक्ति और आस्था का वातावरण बना रहा। यह धार्मिक आयोजन स्व. वीरेंद्र सिंह चंद्राकर जी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है। आयोजन में उनके पुत्र संदीप चंद्राकर और सौरभ चंद्राकर सहित परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं। आयोजन में परिवारजनों और ग्रामवासियों की सक्रिय सहभागिता रही। कथा में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त कर रहे हैं।





## आयोजन : शैलदेवी महाविद्यालय में एकदिवसीय अतिथि व्याख्यान

# प्रोजेक्ट व रिसर्च में विषय का निर्धारण और क्षेत्र का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण





हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

शैलदेवी महाविद्यालय में एकदिवसीय अतिथि व्याख्यान वर्तमान व भविष्य में विद्यार्थियों के लिए बढ़ती जा रही प्रोजेक्ट व रिसर्च की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। वाणिज्य विभाग द्वारा एमकॉम. तथा बीकाम.के सभी विद्यार्थियों के लिए प्रोजेक्ट मेकिंग : स्ट्रेटजीस फॉर सक्सेस विषय पर एक दिवसीय अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें अतिथि व्याख्याता के रूप में डॉ. मनराखनलाल साहू शासकीय महाविद्यालय, जामुल, भिलाई से सीएमए डॉ. शशि कश्यप तथा महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग के सभी शिक्षक व विद्यार्थी गण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। डॉ. कश्यप ने अपने व्याख्यान में प्रोजेक्ट मेकिंग के सभी तौर तरीकों व नियमों को बड़ी ही सरलता से क्रमानुसार रखा, जिससे वे सभी विद्यार्थियों को आसानी से समझ आ जाए। साथ ही उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट एवं रिसर्च का सबसे प्रमुख पहलू विषय का निर्धारण तथा क्षेत्र का चुनाव होता है। विद्यार्थियों को रिसर्च करते समय सदैव ऐसे विषय का चुनाव करना चाहिए जिसमें संबंधित समस्याओं से वे स्वयं पूर्ण रूप से अवगत हो ताकि उसका विश्लेषणात्मक अध्ययन करने में उन्हें किसी विशेष दिक्कतों का सामना न करना पड़े। अतिथि व्याख्याता ने एमकॉम में अध्ययनरत सभी विद्यार्थियों को अपने प्रोजेक्ट में सांख्यिकी टूल्स जैसे जेड टेस्ट, टी टेस्ट, माध्य एवं सहसंबंध आदि के प्रयोग करने को लेकर भी विशेष जानकारी दी। जिसे की विद्यार्थियों को उनकी पिछली कक्षाओं में पढ़ाया जा चुका था। विगत वर्षों में पढ़ाए गए सभी सैद्धांतिक विषयों को प्रोजेक्ट के व्यावहारिक उपयोग में आता देख सभी विद्यार्थी अत्यंत उत्सुक व प्रसन्न नजर आए।

**विद्यार्थियों ने प्रोजेक्ट से संबंधित सवाल पूछे-** विद्यार्थियों ने अपने प्रोजेक्ट से संबंधित विशेष प्रश्न भी पूछे जिनका अतिथि व्याख्याता डॉ शशि कश्यप ने बड़ी ही सरलता से उत्तर दिया। महाविद्यालय के चेयरमैन श्री राजन कुमार दुबे ने इस रोचक अतिथि व्याख्यान के आयोजन हेतु वाणिज्य संकाय के सभी शिक्षकों व विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी।

# धनोरा में आज अंतर्राष्ट्रीय सूफी कलाकार सुरेश का कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंडा

धनोरा दुर्ग में रविवार को शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक राकेश ठाकुर अंतरराष्ट्रीय सूफी भजन गायक एवं पूर्णिमा साहू जस गायिका रायपुर वाले का कार्यक्रम रखा गया है। पंचमी सोमवार को शाम 7 बजे से जय मां शाकंभरी सेवा भजन मंडली सिवनी मोवा रायपुर वाले महिला अपने दरबार में कार्यक्रम देंगे। यह जानकारी दरबार के लक्ष्मण बाबा ने बताया कि सोमवार को रात्रि 8 बजे माता रानी की आरती एवं सिंगार के बाद कलश चढ़ हावा नंद पंडा भोलू साहू मनोज पटेल के द्वारा गुरुवार को शाम 4 बजे से महाअष्टमी एवं शुक्रवार को शाम 4 बजे से ज्योति विसजर्न शोभा यात्रा का कार्यक्रम रखा गया है। इस चैत्र नवरात्रि पर्व पर विदेशों के भक्तों द्वारा ज्योति प्रज्वलित किया गया है जापान अमेरिका श्री लंका नागपुर महाराष्ट्र चिचोला पाथरी श्रीनगर जम्मू काश्मीर धमतरी बालोद राजनांदगांव रायपुर बेमेतरा बिलासपुर छुरिया मानपुर अंबागढ़ चौकी दुर्ग एवं आस पास गांव के लोग भी दरबार में ज्योति प्रज्वलित करवाए गए हैं। विनोद साहू गुलाब साहू राजू यादव मनसुखा साहू मनोज पटेल रोमनाथ साहू बबलू गज्जू रायपुरीहा जीवराखन ठेकेदार बाबू लाल दिनेश साहू मारियल साहू वासुदेव स्प्रे पुर्व उपसरपंच कुंभकरण पटेल मुनना गंधर्व सुनील



पेटर एम लाल देवांगन कल्याण देवांगन ललित साहू रोशन साहू डॉ धनेशवर साहू रोहित झब्बू साहू गुमान टीकम साहू सुंदर सपरे चंन्द्र कांत देवांगन दिनेश यादव रामु यादव ओमकार साहू श्रीमती बबिता साहू ललिता यादव सुनीता साहू मितानिन कौशिलया सेन रुखमणि साहू पार्वती मंडलिन प्रभा साहू देवश्री अंजु देवांगन संगीता सपरे उपसरपंच टिकेशवरी साहू लक्ष्मी साहू हितेश पटेल नीरा साहू मुंगा सपरे गीता देवांगन मंजू साहू पुष्पा देवांगन कु पुजा साहू कु वेदू साहू कु नेहा साहू कु सुरुचि छोटी कु डिंपल साहू कु विनना साहू आदि भक्त गण बड़ी संख्या में अपनी सेवाएं दे रही है। यह जानकारी दरबार प्रतिनिधि चन्द्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

# नारगी स्कूल की छात्रा पायल का नवोदय विद्यालय के लिए चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

शासकीय प्राथमिक शाला नारगी की छात्रा कुमारी पायल पिता पूरन सिंह का चयन नवोदय विद्यालय बालोद मालीघोरी के लिए होने पर पूरे क्षेत्र में हर्ष का वातावरण है। पायल की इस उपलब्धि से शाला परिवार एवं ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। पायल की इस सफलता पर प्राथमिक शाला की प्रधान पाठिका लता रावटे, माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक गजबिये, शिक्षक बीरबल जोशी, कैलाश देवांगन, अनुरुध सिंह, लता बारले सहित संकुल समन्वयक लेखराज मालेकर तथा कोचेरा माध्यमिक शाला के शिक्षक एवं हाई स्कूल के प्राचार्य ने हर्ष व्यक्त करते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2018 से लगातार 9 वीं बार बिना कोचिंग के शिक्षकों एवं पालकों के संयुक्त प्रयास से विद्यार्थियों का चयन नवोदय विद्यालय सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में हो रहा है। संकुल स्तर पर लेखराज मालेकर के मार्गदर्शन में किए गए प्रयासों का ही परिणाम है कि अब तक 13 छात्र नवोदय, एकलव्य विद्यालय एवं प्रयास में प्रवेश प्राप्त कर चुके हैं।

# नंदकिशोर बने पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

पूर्व सैनिक नंदकिशोर साहू को भारतीय जनता पार्टी के पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ का जिला संयोजक की ज़िम्मेदारी दी गई है। भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश के सभी जिलों में पूर्व सैनिकों का जिला संयोजक एवं सह संयोजक का चयन किया गया। देवरभाट निवासी अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के अध्यक्ष नंद किशोर साहू को बा जिले का संयोजक मनोनीत किया गया है। पूर्व सैनिक नंदकिशोर साहू सामाजिक और राष्ट्र हितकारी कार्यों के माध्यम से ने विशेष पहचान बनाई है। उनके मार्गदर्शन में विभिन्न ब्लाकों पर संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रमों के माध्यम से बड़ी संख्या में युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और देशभक्ति का भावना जागृत हुआ। इसके साथ रक्तदान, मतदाता जागरुकता अभियान, यातायात जागरूकता अभियान और पौधेरोपण जैसे कार्यक्रमों को संचालित किया जाता है। सेना की सेवा करने के बाद अब वे समाज और राष्ट्र के लिए योगदान दे रहे हैं। श्री साहू ने कहा कि यह दायित्व मेरे लिए केवल एक पद नहीं बल्कि राष्ट्र प्रथम की भावना संगठन के सिद्धांतों, जनसेवा और पूर्व सैनिक के कल्याण के संकल्प को अधिक दृढ़ता से निभाने का अवसर है।



# सेन जयंती पर जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन दल्लीराजहरा में 14 अप्रैल को

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को बालोद जिला के दल्लीराजहरा में जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिला सेन समाज के पदाधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री से सौजन्य मुलाकात कर उन्हें औपचारिक आमंत्रण दिया गया। इस विशेष अवसर पर मुख्यमंत्री एवं वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने की संभावना है। इस संबंध में बालोद जिला सेन समाज के मीडिया प्रभारी उमेश कुमार सेन ने बताया कि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने हेतु व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही



**मुख्यमंत्री को भी दिया गया आमंत्रण**

हैं और समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला स्तरीय सामाजिक सम्मेलन, समाज के प्रतिभावान एवं उत्कृष्ट व्यक्तियों का सम्मान, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं परंपराओं का प्रदर्शन, एकजुट समाज की तस्वीर रहेगी। इस आयोजन में विशेष रूप से महिला प्रकोष्ठ की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित होगी, साथ ही, जिले के समस्त पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी एवं इकाई पदाधिकारी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। मीडिया प्रभारी उमेश कुमार सेन ने बताया कि यह संपूर्ण कार्यक्रम प्रांत अध्यक्ष पुनीत सेन के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष, सेन समाज बालोद संतोष कौशिक के नेतृत्व में आयोजित किया जा रहा है।

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 एक ऐतिहासिक व दूरदर्शी निर्णय : लुनिया



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री सौरभ लुनिया ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पारित धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 को एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी निर्णय है। श्री लुनिया ने कहा कि यह कानून राज्य में धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। नए प्रावधानों के तहत जबरन, प्रलोभन या धोखे से किए जाने वाले धर्मांतरण पर कड़ी सजा का प्रावधान किया गया है। जिसमें 7 से 20 वर्ष तक की सजा और सामूहिक धर्मांतरण के मामलों में आजीवन कारावास तथा 25 लाख तक का जुर्माना शामिल है। यह कानून वर्ष 1968 के पुराने कानून का स्थान लेगा, जो वर्तमान समय की चुनौतियों के अनुसार प्रभावी नहीं रह गया था। श्री लुनिया ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार जनभावनाओं के अनुरूप निर्णय लेते हुए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का कार्य कर रही है। यह विधेयक उनके दृढ़ नेतृत्व और संवेदनशील शासन का प्रमाण है, जो प्रदेश के हित में निरंतर कार्य कर रहा है। सौरभ लुनिया ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश के कई हिस्सों में ऐसे मामले सामने आए थे, जहां लोगों को प्रलोभन, दबाव या धोखे के माध्यम से धर्मांतरण के लिए प्रेरित किया जा रहा था, जिससे समाज में असंतोष और असंतुलन की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। श्री लुनिया ने कहा कि भाजपा सरकार हमेशा से "सबका साथ, सबका विकास" के संकल्प के साथ कार्य करती आई है और यह विधेयक भी उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह निर्णय आने वाले समय में छत्तीसगढ़ में सामाजिक संतुलन, सांस्कृतिक मूल्यों और धार्मिक स्वतंत्रता को और अधिक सुदृढ़ करेगा।

# नारी सशक्तिकरण पर सम्मान समारोह आज चंदखुरी में

**अंडा।** ग्रामीण युवाओं द्वारा ग्राम चंदखुरी में महिला सशक्तिकरण सम्मान समारोह का आयोजन 22 मार्च को शक्ति चौक पर किया गया है। आयोजन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मितानिन आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ,महिला पंच, विहान से जुड़ी महिलाओं के साथ-साथ स्वास्थ एवं शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले लगभग 60 महिलाओं को नारी सम्मान से नवाजा जाएगा। कार्यक्रम प्रातः 11 से संतोष विनीता धिवर तथा फिल्म निर्देशक उत्तम तिवारी एवं साथियों द्वारा भजन तथा गीत के साथ प्रारंभ होगा। तत्पश्चात उपस्थित ग्रामीण महिलाओं के साथ पद्मश्री शमशाद बेगम अपने अनुभव साझा करते हुए विचार रखेंगे। साथ ही साथ टिकेश्वरी लाल देशमुख समाजसेवी द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान एवं महेंद्र सिन्हा सहयोगी रेडियो एफएम द्वारा महिला एवं स्वास्थ्य विषय पर परिचर्चा होगी । सम्मेलन के द्वितीय सत्र में दोपहर 1 बजे से उत्कृष्ट कार्यों के लिए महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। जिसमें अतिथि के रूप में विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, पूर्व गृह मंत्री ताम्रजध्वज साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ,जनपद दुर्ग के अध्यक्ष कुलेश्वरी देवांगन ,जिला पंचायत सदस्य आशा विक्की मिश्रा ,पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सरपंच कविता यादेश ठाकुर, जनपद सदस्य गोपाल यादव, उप सरपंच योगिता जितेंद्र यादव ,पूर्व सरपंच खेमलाल चंद्राकर एवं अतुल ताम्रकार विशेष रूप से उपस्थित होंगे। एवं मंच संचालन अशोक देवांगन द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जितेंद्र यादव एवं राजू निर्मलकर द्वारा ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

# हिंदू नव वर्ष से मिलता है भक्ति का संदेश : बारले

**जामगांव आर।** हिंदू नव वर्ष चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में परंपरागत व भक्तिभाव से स्वागत किया गया। कक्षा सप्तम के आयुष, कक्षा षष्ठ के दीपांशु, कक्षा प्रथम से मेघा,शेजल तथा कक्षा द्वितीय वंशिका ने पांच दीपक प्रज्ज्वलन किया। श्रीफल कलश युक्त आकर्षक रंगोली उकेरे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कुसुमकसा जनपद पंचायत डौण्डी, जिला-बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक/997/ बा.फी.नि./ग्रा.पं./2026-27 कुसुमकसा दिनांक 20.03.2026

**// सप्ताहिक बाजार फीस वसूली निलामी वर्ष 2026-27 सूचना //**

सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुसुमकसा की बैठक दिनांक 14.03.2026 प्रस्ताव क्र.01 स्थान ग्राम पंचायत भवन कुसुमकसा में पारित प्रस्ताव अनुसार ग्राम पंचायत कुसुमकसा अंतर्गत ग्राम पंचायत नियंत्रणाधीन सार्वजनिक साप्ताहिक बाजार माल प्रदर्शन फीस संग्रहण निलामी वर्ष 2026-27 अर्थात 01.04.2026 से 31.03.2027 तक एक वर्ष के लिए ठेके पर दिये जाने हेतु दिनांक 25.03.2026 दिन बुधवार समय सुबह 11 बजे से ग्राम पंचायत भवन कुसुमकसा में निलामी हेतु सुनिश्चित किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा विनिश्चित एवं निम्नलिखित आवश्यक शर्तो को स्वीकार करते हुए बोली में भाग ले सकते है तथा शर्तों का अवलोकन पंचायत में किया जा सकता है।

सचिव
ग्राम पंचायत कुसुमकसा

सरपंच
ग्राम पंचायत कुसुमकसा

# गायत्री प्रज्ञा पीठ मोखा में नियुक्त किए गए पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरूर

गायत्री प्रज्ञा पीठ मोखा में हीरक मंडल स्तर का पुनर्गठन संपन्न हुआ। जिसमें विभिन्न पदों की नियुक्ति की गई।

जिसमें समन्वयक मानिकचंद गजेंद्र, सह समन्वयक रामस्वरूप सिन्हा, कार्यालय प्रभारी हितेश कुमार सिन्हा, विद्या विस्तार प्रभारी चंद्रप्रकाश गंजीर, अनुदान कोष प्रभारी कुशल यादव, कार्यक्रम प्रशिक्षण प्रभारी योगेश्वर महेंद्र, टिकेश्वर सिन्हा, भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रभारी डोमार सिंह सिन्हा, हेमनाथ सिन्हा, रचनात्मक आंदोलन प्रभारी यशवंत गंजीर, मिडिया प्रभारी रामस्वरूप सिन्हा, नारी जागरण अभियान गोमती सिन्हा एवं सहभागी, युवा जागरण अभियान योजस्वी सेन, ऐश्वर्या महानंदे एवं सहभागी, संरक्षक रामचरण सिन्हा, खेमूराम सिन्हा, गैंदराम साहू सभी के सर्वसम्मति से प्रस्तावक एवं समर्थनकर्ता के साथ चयन किया गया। ब्लाक समन्वयक गुरुर धनसिंग गंजीर, जिला समन्वयक बीएस आठनागर की उपस्थिति में हीरक मंडल पुनर्गठन हुआ।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### गुरुकुल संस्कार शाला फागुनदाह के छात्र कोयांश का नवोदय में चयन

**गुरूर।** गुरुकुल संस्कार शाला फागुनदाह के छात्र कोयांश पटेल का चयन नवोदय विद्यालय मे हुआ है। कोयांश पटेल विकासखण्ड के छोटे से ग्राम पेरपार निवासी पिता



हेमंत पटेल माता रूपेश्वरी पटेल के पुत्र हैं। गुरुकुल संस्कार शाला प्राचार्य ने कहा कि कोयांश पटेल ने अपनी मेहनत से न केवल अपने परिवार का बल्कि अपने विद्यालय, शिक्षक एवं ग्राम पेरपार का नाम रोशन किया है। उनकी यह सफलता अन्य बच्चों के लिए प्रेरणा है कि शिक्षकों के मार्गदर्शन मे सच्ची लगन और दृढ़ संकल्प से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। इस सफलता पर गुरुकुल संस्कार शाला फागुनदाह के संचालक रिखी राम साहू, प्राचार्य कौशल कुमार साहू, द्रौपती साहू एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 9.90 लाख की स्वीकृति

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 11 में आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए 9 लाख 90 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। लंबे समय से यह आंगनबाड़ी केंद्र किराए के भवन में संचालित हो रहा था, जिसके कारण बच्चों और महिलाओं को असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार, कलेक्टर कार्यालय जिला खनिज संस्थान न्यास बालोद द्वारा जारी आदेश के तहत वार्ड 11 में सतनामी भवन के पास नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण किया जाएगा। निर्माण कार्य के लिए प्रथम किश्त के रूप में 4 लाख 95 हजार रुपये जारी कर दिए गए हैं। तथा कार्य पूर्ण करने के लिए 180 दिनों की समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस संबंध में वार्ड पार्षद शिवानी रजत भंसाली द्वारा शासन-प्रशासन के समक्ष मांग रखी गई थी। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के बालोद प्रवास के दौरान भी उन्हें ज्ञापन सौंपकर आंगनबाड़ी भवन की आवश्यकता से अवगत कराया था, जिसके बाद डीएमएफ मद से स्वीकृति प्रदान की गई।

## निधन

### शेखलाल साहू

**लाटाबोड़।** ग्राम परसाही लाटाबोड़ निवासी पूर्व शिक्षक 84 वर्षीय



शेखलाल साहू का शनिवार क्रो आकस्मिक निधन हो गया। इनकी अंतिम संस्कार में सामाजिक सहित ग्रामीण बंधु बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। वे बेदलाल, पुनीतराम, अरुण व अश्वनी साहू के पिता थे।

**कार्यक्रम : परिक्षेत्रीय साहू समाज मोहंदीपाठ व ग्रामीण साहू समाज का चीरचार में आयोजन**

# मां कर्मा त्याग, सेवा व समाज को जोड़ने वाली विभूति थीं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद/निकुम

परिक्षेत्रीय साहू समाज मोहंदीपाठ एवं ग्रामीण साहू समाज चीरचार के तत्वावधान में ग्राम में भक्त मां कर्मा 1010 वीं जयंती मनाई गई। कर्मा भवन में श्री कृष्ण व मां कर्मा की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा की गई। जिसमें 17 गांव के साहू समाज बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए। समारोह में सर्वप्रथम बाजे गाजे भजन करते हुए पीले वस्त्र में महिलाओं ने कलश शोभायात्रा निकाली। वही मां कर्मा के जीवन के भक्ति को जस भजन से बताया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अनुसूचित जाति प्राधिकरण उपाध्यक्ष व विधायक अहिवारा डोमन लाल कोर्सेवाडा ने कहा कि मां कर्मा त्याग, सेवा और समाज की जोड़ने वाली विभूति थीं, उनके जीवन से हमें परिश्रम समर्पण और सामाजिक एकता का संदेश मिलता है। वही ग्राम चीरचार में 10 लाख रुपए सीसी रोड की घोषणा किया।उन्होंने कहा कि अब गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र का विकास खुद संकल्प लेकर करेंगे। बाबा मोहंदी पाठ में स्कूल में शिक्षकीय कार्य करते हुए मुझे विधायक का टिकिट बाबा मोहंदी पाठ,के आशीर्वाद से मिला, इस क्षेत्र का विकास लगातार होगा।

■ 17 गांव साहू समाज के लोग हुए शामिल, महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा



**बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति**

अध्यक्षता कर रहे पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेंद्र साहू ने कहा साहू समाज एकजुट होकर कार्य कर रहे, तहसील साहू समाज अर्जुन्दा अध्यक्ष उमाशंकर साहू ने कहा कि साहू समाज लगातार बेहतर कार्य कर रही हैं, क्षेत्र के 65 गांव में 2 पेड़ मां कर्मा के नाम पर लगे हैं। बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दिया। मां कर्मा की झांकी ने सभी का मनमोहा।

**कार्यक्रम में ये हुए शामिल**

समारोह में चुकेशवर साहू, परीक्षेत्रीय अध्यक्ष मोहंदी पाठ देवधर साहू, महामंत्री चुकेशवर साहू, जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य नेम बाई, चुम्मन साहू, जनपद सदस्य तुकेश्वरी भूपेंद्र साहू, सलाहकार तहसील साहू समाज अर्जुंदा पवन सोनबरसा, क्रांति भूषण साहू, उपाध्यक्ष तहसील साहू समाज अर्जुंदा गविंद्र नाथ साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु, पदाधिकारी सम्मिलित हुए।



## रमजान के रोजे के बाद ईद धूमधाम से मनाई, सभी ने मिलकर बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

रमजान के रोज़े के बाद ईद का त्यौहार मुस्लिम समुदाय के द्वारा मनाया गया। ईदगाह में जामा मस्जिद के पेश ईमाम मोहम्मद शकील चिस्ती ने कहा कि यह अमीर, गरीब, यतीम, अपाहिज सारे लोगों की ईद होती है, हमें ग़रीब, यतीम, बेवाओं और जरुरतमंद लोगों का ख्याल रखना है। इनकी खुशी में हम सभी की खुशी है। पैगम्बर साहब ने सभी के साथ मिलकर खुशी मना कर ईद मनाने का संदेश दिया है।

उन्होंने कहा आज अल्लाह की बारगाह में मांगने का दिन है, आज शुकराना अदा करने और खुशी मनाने का दिन है, कोई गरीब इंसान है, उसकी मदद करने का दिन है, कोई गरीब हो और उसके तन में कपड़ा ना हो तो अमीरों को चाहिए कि उसकी खुशी के लिए कपड़े का इंतजाम करें।

हाफ़िज़ शकील चिस्ती ने कहा की रमज़ान का रोज़ा ईद का तोहफा है, उसके रोज़े बारगाहे इलाही में मकबूल होते हैं, उसके लिए ईद है। ईद के दिन सब एक जगह इकट्ठा होकर आपस में दिलों मे बसें नफरतों, हसद को ख़त्म कर भाई भाई का रिश्ता बनाकर एक दूसरे से गले मिले। हमारे पैगम्बर ने आमनों शांति का पैगाम दिया है, गरीबों का ख्याल रखा है। ईद की नमाज़ अदा करने से पहले आप गरीबों की मदद करके आइए, उनकी तकलीफो को दूर करके आइए, उनकी मदद करिये ताकि वह भी ख़ुशी से त्यौहार मना सकें। ईद की नमाज के बाद उन्होंने प्रदेश व हिंदुस्तान की तरक्की, अमन, भाईचारा, शांति के लिए दुआएं की।

ईद उल फितर पर सभी ईदगाह पहुंचे नमाज अदा कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई दी, नमाज अदा करने के बाद कब्रिस्तान जाकर अपने मरहूम के लिए परवर दिगार से मग़ फेरत के लिए दुआएं की। यह त्योहार मीठी ईद के नाम से भी जानी जाती है।

## बच्चों ने चिटौद स्कूल का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुरूर



निपुण भारत मिशन के तहत बाल मैत्री कार्यक्रम में मासिक यात्र ा का आयोजन किया गया, जिसमें 4 आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों ने चिटौद स्कूल का भ्रमण किया।

बचपन से उचित पालन पोषण और संस्कार के साथ आंतरिक प्रतिभाओं को निखारने के लिए सहगामी क्रियाकलापों में जोड़ा जाए तो निश्चित तौर पर ही वह एक बेहतर आत्मनिर्भर जिंदगी जीने के लिए तैयार हो सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत भारत मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य शासन के बाल मैत्री कार्यक्रम में आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों को प्राथमिक विद्यालय में मासिक यात्रा कराने की बात कही गई है। इसी परिप्रेक्ष्य में ग्राम चिटौद के 4 आंगनबाड़ी केंद्रों के कार्यकर्ताओं ने अपने विद्यार्थियों को शासकीय प्राथमिक विद्यालय में प्रिंट रिच वातावरण, कक्षा, विद्यालय परिसर, शिक्षक और स्कूल की गतिविधियों से परिचित कराने शैक्षिक संवाद व जुड़ाव कराने भ्रमण कराया। प्राथमिक विद्यालय के बाल संसद के पदाधिकारियों ने आए हुए नन्हे मेहमानों, कार्यकर्ताओं व पालकों का एलईडी टीवी में मां की वंदना गीत, संस्कृत मंत्र उच्चारण के बीच दीप आरती व तिलक लगाकर अभिनंदन किया। स्मार्ट माध्यम से कक्षा पहली के गौरव सेन व मंजुलता सेन गीत प्रस्तुत किया। पांचवीं के विद्यार्थियों के नेतृत्व में सांगीतिक योगासन प्रदर्शन सामूहिक रूप से कराया गया।

मानसिक एकाग्रता एवं याददाश्त अभिवृद्धि हेतु विद्यालय के शिक्षक ईश्वरी कुमार सिन्हा के नेतृत्व में बच्चों को रंग मिलाओ खिलौने में जोड़ा गया, साथ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व पालक माताओं ने भी हिस्सेदारी की। श्यामा साहू ने खेल खिलाया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सोनबती निषाद, भारती निषाद, हेमलता मार्कण्डेय ने बताया कि यह पहल बच्चों को आंगनबाड़ी से प्राथमिक शिक्षा में बिना किसी डर के आसानी से जुड़ने में मदद करती है। बच्चों को स्कूल जाने, नामांकन और नियमित उपस्थिति में मदद करती है। विद्यालय की ओर से बालसंसद प्रमुख वैष्णवी पाठक ने आभार व्यक्त किया।

## आंजनेय नंदन सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर समिति के सेवा अभियान में सैकड़ों भक्त पा रहे प्रसाद







हरिभूमि न्यूज ▸▸| बालोद

जिले की अधिष्ठात्री देवी मां गंगा मैया तीर्थ झलमला में आंजनेय नंदन सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर समिति बेलमांड द्वारा सभी सनातन धर्मावलंबियों, माता के भक्तों, दर्शनार्थियों के लिए प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी निःशुल्क महाप्रसादी सेवा प्रतिपदा तिथि से प्रारंभ हो चुकी है। प्रथम दिवस 475, द्वितीय दिवस 630 और तृतीय दिवस में लगभग 1150 से अधिक भक्तों ने महाप्रसाद प्राप्त किया। इस नवरात्रि में भी गंगा मैया ट्रस्ट में पूर्व से संचालित किसी भी सेवा को प्रभावित किए बिना अलग अलग दिन अलग अलग मीनू बदल बदल कर भक्तों को समिति प्रसादी करा रही है। पंडाल पर बैठकर प्रसादी लेने कुर्सी और कार्पेट बिछाकर प्रसादी कराई जा रही हेयर। पूर्ववत संकलनुसार पर्यावरण संरक्षण के लिए स्टील के बर्तन, गिलास और आम के पत्तों को चम्मच बना के इकोफ्रेंडली प्रयोग का संदेश भी सेवा समिति दे रही है। प्रथम दो दिन पोहा एवं पोहा चना, तीसरे दिन खिचड़ी प्रसादी बांटी गई।

**गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने अभियान का पत्रक वितरण भी-** महाप्रसादी के साथ ही गौ माता को पूरे देश में चल रहे सेवा, सुरक्षा और सम्मान दिलाने, गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सभी सनातन धर्मियों को गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने अभियान का पत्रक वितरित कर 27 अप्रैल हेतु प्रेरित कर तहसील बालोद में और अपने परिवार सहित अपने तहसील में शामिल होने प्रेरित किया जाता है। प्रार्थी हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जा रहा है। महाप्रसादी पंडाल में गौ माता भी आकर स्नेह से महाप्रसादी पाती हैं।

**ये कर रहे सेवा-** महाप्रसादी सेवा में आंजनेय नंदन सर्वसिद्ध हनुमान मंदिर समिति के प्रबंधक समाजसेवी डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत सहित पुष्कर सिंह राजपूत, नेमी साहू, प्रमोद साहू, मुरली साहू, नरोत्तम साहू, योगेश्वर यादव, आचार्य देवघर साहू, शेखर साहू, सुरेखा साहू, रुखमणि राजपूत, डॉ कु टेमिन, डेमन यादव, नंदकिशोर, युवराज व सेवादारों का सेवा प्राप्त हो रहा है।

### पायला में 29 को मनाई जाएगी कर्मा जयंती

**बालोद/सिकोसा।** ग्राम पायला में साहू समाज के तत्वावधान में 29 मार्च को कर्मा जयंती मनायी जाएगी। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू होंगे। अध्यक्षता अध्यक्ष जिला पंचायत बलोद तारती पुष्पेन्द्र चन्द्राकर करेंगी। विशेष अतिथि सुचित्र साहू, रीना डोमन देशमुख, नोहर साहू, हरदेव साहू, शशि साहू, सरोज बंजारे होंगी। ललित साहू ने बताया कि सुबह कलश यात्रा, प्रातः 11 बजे जय बजरंग रामधुनी लासाटोला का कार्यक्रम रखा गया है।

## श्रीमद्भागवत महापुराण केवल कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला

**सहाड़ा चौक में श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गुण्डरदेही



शक्ति की उपासना के पावन पर्व चैत्र नवरात्रि के शुभ अवसर पर नगर के सहाड़ा चौक में आयोजित श्रीमद्भागवत महापुराण कथा श्रद्धा और उल्लास के साथ शुभारंभ है। भक्ति के इस सागर में डुबकी लगाने विशेष रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन कथा स्थल पहुंचे, जहां उन्होंने विधि–विधान से पोथी पूजन कर क्षेत्र की खुशहाली और सुख–समृद्धि की कामना की।

कथा श्रवण के पश्चात श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए प्रमोद जैन ने कहा कि श्रीमद्भागवत महापुराण केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। नवरात्रि के इन पवित्र दिनों में भागवत कथा का श्रवण सौभाग्य की बात है, जिससे मन को शांति और समाज को नई दिशा मिलती है। इस अवसर पर केशव साहू, एचबी मिश्रा, खुमान साहू, ज्योति सोनकर सहित नगरवासी उपस्थित थे।

## परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव आज रायपुरा में

**डौंडीलोहारा।** तहसील के अंतर्गत ग्राम रायपुरा में 22 मार्च को परिक्षेत्र स्तरीय कर्मा जयंती महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर परिक्षेत्र साहू समिति डौंडीलोहारा एवं ग्राम रायपुरा के तत्वावधान में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के साहू समाज सहित समस्त ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक कलश यात्रा एवं भक्त माता कर्मा की पूजा-अर्चना के साथ होगा। इसके पश्चात प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक अतिथियों का आगमन, स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम के साथ प्रतिभा सम्मान किया जाएगा। वहीं शाम 5 बजे से देर शाम तक प्रसाद वितरण एवं रात्रिभोज के साथ कार्यक्रम का समापन होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिला भेड़िया पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डौंडीलोहारा उपस्थित रहेंगी।



कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेन्द्र प्रसाद साहू उपाध्यक्ष, जिला साहू संघ बालोद करेंगे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में तोमन साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत बालोद शामिल होंगे। विशिष्ट अतिथियों में जितेन्द्र साहू पूर्व उपाध्यक्ष जिला साहू संघ बालोद चुन्नी मानकर जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 07 बालोद, शांति बाई रावटे जनपद सदस्य, क्षेत्र क्रमांक 16 डौंडीलोहारा, डेविड बारले सरपंच, ग्राम पंचायत सेम्हरडीह, वैष्णव साहू ग्राम पटेल, रायपुरा, धनसाय रावटे अध्यक्ष, आदिवासी हल्बा समाज रायपुरा शामिल होंगे।

सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी व रीकन्सक्ट्रीव सर्जरी
कालडा हॉस्पीटल में
जबड़े, नाक, होंठ आदि के टेढ़ेपन व अन्य विकृतियों व सभी प्रकार की कॉस्मेटिक सर्जरी, रीकन्सट्रक्टीव सर्जरी, ब्रेकियल फ्लैक्सेस इंज्यूरी (हाथ के नसों की सर्जरी)
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, वेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 18,500/-, 3 एसी 28,500/-, 2 एसी 31,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

आप कितने स्वस्थ हैं?
जानिएं
एक नियमित वेलनेस चेकअप आपके आज को सुरक्षित और कल को मजबूत करता है
वेलनेस गोल पैकेज
₹1500/-
(20 से 40 साल की उम्र के लिए)
वेलनेस जर्नी पैकेज
₹2000/-
(40 से 60 साल की उम्र के लिए)
● प्रत्येक शुक्रवार एवं शनिवार
● सीमित सीट
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9109956720
9926386660
Care With Confidence
सुयश हॉस्पिटल
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
रायपुर शहर
सीनियर प्रसार प्रतिनिधि
05 पद
शैक्षणिक योग्यता स्नातक
समाचार पत्र में प्रसार विभाग में
कार्य अनुभव 2 साल
वेतन 15000 + 5000/-
दिनांक - 20 मार्च से 23 मार्च 2026
समय - सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक
नोट : प्रसार वृद्धि के लिये टीम तैयार करने वाले को प्राथमिकता
ऑनलाईन आवेदन भी कर सकते हैं।
cir.haribhoomi@gmail.com
हरिभूमि कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर